Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 224 रायपुर, रविवार 7 सितम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

उत्तर भारत में बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से मच रही तबाही, हिमाचल से दिल्ली तक हाहाकार

नई दिल्ली, 7 सितम्बर (न्यूज चैनल)। उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश, बाढ़ और भूस्खलन का कहर अभी भी जारी है. हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में शनिवार भूस्खलन के बाद एक पहाड़ी का लगभग 200 मीटर हिस्सा कटकर बह गया. वहीं, राजस्थान के जयपुर में एक मकान के लगातार जारी बारिश के कारण ढह जाने से एक युवक और उसकी पांच साल की बेटी की मौत हो गई. वहीं दिल्ली में यमुना नदी में आई बाढ़ से विस्थापित 70 से अधिक परिवारों को अक्षरधाम के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के किनारे बनाए गए अस्थाई तंबुओं में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा.

हिमाचल प्रदेश के नोराधार के चौक्कर गांव में भूस्खलन के कारण पांच घर खतरे में आ गए. हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि उनमें रहने वाले लोगों को समय रहते बचा लिया गया. स्थानीय लोगों के मुताबिक, भूस्खलन की यह घटना संभवतः जमीन के नीचे मौजूद पानी के एक स्रोत के फटने के कारण हुई. भारत मौसम विज्ञान विभाग के स्थानीय केंद्र ने अगले छह दिनों तक राज्यभर में मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जताया है. साथ ही, उना और बिलासपुर जिलों में भारी बारिश, तूफान और बिजली गिरने का 'येलो अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग ने यह भी कहा है कि सात से 12 सितंबर तक कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में शनिवार को यमुना घाटी में बादल फटने से नौगांव इलाके में भारी नुकसान हुआ. यहां मलबे से एक मकान दब गया और एक जल धारा का कीचड़ भरा पानी आधा दर्जन से ज्यादा घरों में घुस गया. जब बादल फटने की घटना हुई, तो भारी बारिश की आशंका के कारण कई लोग पहले ही अपने घर छोड़कर सुरक्षित जगह जा चुके थे. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा,'' उत्तरकाशी जिले के नौगांव इलाके में भारी बारिश से नुकसान की खबर मिलने पर मैंने तुरंत जिला अधिकारी से बात की और उन्हें युद्ध स्तर पर बचाव और राहत अभियान चलाने का निर्देश दिया.

चमोली में भूस्खलन से मकानों में दरार

आज से पितृपक्ष की शुरुआत



रायपुर, 7 सितंबर (हाईवे चैनल)। इस बार पितृ पक्ष आज रविवार, 07 सितंबर को शुरू हो रहा है और 21 सितंबर को सर्व पितृ अमावस्या के दिन समाप्त होगा. पितृ पक्ष का अनुष्ठान पूरे भारत में किया जाता है, जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है, और यह पितरों की आत्मा की शांति के लिए किया जाता है.

यह 16 दिनों का अनुष्ठान है जो पितरों की आत्माओं का सम्मान करने के लिए किया जाता है। इस दौरान पितरों के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान जैसे कार्य किए जाते हैं. ऐसा माना जाता है कि इन कार्यों से पितरों की आत्मा तृप्त होती है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है।

इधर श्री दूधाधारी मठ एवं श्री जैतू साव मठ रायपुर तथा श्री शिवरीनारायण मठ के समस्त पूर्वाचार्यों को राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज द्वारा श्री महादेव घाट खारून नदी में तर्पण करके श्री दूधाधारी मठ में समस्त पूर्वाचार्यों के निमित्त विधिपूर्वक हवन संपन्न किया। दोपहर को श्री स्वामी बालाजी, श्री राघवेन्द्र सरकार जी, गौ माता जी को भोग प्रसाद अर्पित करने के पश्चात सभी सन्तो, विप्रो, भक्तों एवं श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया। यह क्रम कृंवार कृष्ण पक्ष अमावस्या जिसे पितृ विसर्जन अमावस्या भी कहते हैं पर्यन्त चलेगा। उल्लेखनीय है कि राजेश्री महन्त जी महाराज दशमी तिथि को छोड़कर बांकी सभी तिथियों का तर्पण खारून नदी महादेव घाट रायपुर में करते हैं। दशमी तिथि को वे शिवरीनारायण पहुंचकर महानदी त्रिवेणी संगम के बाबा घाट में पूर्वाचार्यों को तर्पण करते हैं। श्री महन्त लाल दास जी महाराज की तिथि मनाई जाती है।

ब्रेकिंग न्यूज

अक्टूबर में होगा चुनाव की तारीखों का ऐलान

नई दिल्ली, 7 सितम्बर (न्यूज चैनल)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सूत्रों के हवाले से एक बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार अक्टूबर के दूसरे हफ्ते में चुनाव की तारीखों का ऐलान होगा। नवंबर में दो या तीन चरणों में बिहार में वोटिंग करवाए जा सकती है। इसके अलावा सूत्रों का कहना है कि 15 से 20 नवंबर के बीच वोटों की गिनती की जाएगी। सितंबर के अंत तक वोटर लिस्ट प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद यह तय है कि बिहार में चुनाव की घोषणा कर दी जाएगी।

अभी बिहार में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाना है, लेकिन इससे पहले ही पार्टियों द्वारा चुनावों को लेकर तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। बिहार में एनडीए की तरफ से रैली की गई, जबकि एनडीए की ओर से सम्मेलन किया जा रहा है। वहीं बीते दिन यानि की बुधवार को राजधानी दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री ने बिहार बीजेपी के नेताओं के साथ मिलकर बैठक की थी।

मोदी 13 सितंबर को कर सकते हैं मणिपुर का दौरा

नई दिल्ली, 7 सितम्बर (न्यूज चैनल)। चुराचांदपुर के सूत्रों का कहना है कि पीस ग्राउंड में नौ हजार सीटों की क्षमता वाली सभा तैयार की जा रही है. चुराचांदपुर के जिला मजिस्ट्रेट धारुन कुमार एस ने 4 सितंबर को एक आदेश में पूरे पहाड़ी जिले को नो ड्रोन जोन क्षेत्र घोषित कर दिया. ऐसे में इंफाल और चुराचांदपुर में हलचल तेज हो गई है. एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मिजोरम में नई बैराबी-सैरांग रेलवे का उद्घाटन करने के बाद चॉपर से मणिपुर के चुराचांदपुर जिले आएंगे. चुराचांदपुर पीस ग्राउंड में उनके भाषण देने के बाद उम्मीद है कि वह आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों के साथ कुछ देर बातचीत करेंगे.

साल का आखिरी चंद्र ग्रहण आज

रायपुर, 7 सितंबर (हाईवे चैनल)। आज की रात आकाश में एक खास खगोलीय नजारा दिखाई देगा. भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में चंद्र ग्रहण लगेगा, जिसे लेकर लोगों में उत्सुकता भी है और धार्मिक मान्यताओं के कारण सावधानियां भी बरती जा रही हैं. 7 सितंबर की रात 9:58 बजे से लेकर 8 सितंबर की सुबह 1:26 बजे तक पूर्ण चंद्र ग्रहण लगेगा. ज्योतिष शास्त्र में ग्रहण को शुभ नहीं माना गया है, इसलिए इस दौरान कई कामों को वर्जित बताया गया है. वहीं, वैज्ञानिक दृष्टि से यह घटना पृथ्वी और चंद्रमा की स्थिति में बदलाव का असर है, जिसे देखना भी एक अनोखा अनुभव माना जाता है. दोपहर आरती के बाद देश के सभी मंदिरों के कपाट बंद हो जाएंगे, काशी विश्वनाथ- महाकाल में रात 8 बजे तक पूजन; जानिए प्रमुख मंदिरों के बंद और खुलने की टाइमिंग

शास्त्रों के अनुसार ग्रहण काल को अशुभ समय माना जाता है. इस दौरान कुछ कामों से परहेज़ करना चाहिए, जिनमें प्रमुख हैं- भोजन या पानी का सेवन न करें. धारदार वस्तुओं जैसे कैंची, चाकू या ब्लेड का इस्तेमाल न करें. सोना और यात्रा करने से बचें. पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान ग्रहण काल में वर्जित माने जाते हैं. यौन संबंध और किसी भी नए कार्य की शुरुआत से भी परहेज़ करें.

जहां ग्रहण के दौरान कई कामों पर रोक होती है, वहीं कुछ धार्मिक कार्य करने की विशेष सलाह दी जाती है. ग्रहण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष माना जाता है. मान्यता है कि इस दौरान उन्हें घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए और किसी भी नुकीली या धारदार वस्तु का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए. धार्मिक आस्था के अनुसार इससे गर्भस्थ शिशु पर नकारात्मक असर पड़ सकता है. हालांकि वैज्ञानिक दृष्टि से ग्रहण एक सामान्य खगोलीय घटना है, लेकिन धार्मिक मान्यताओं के चलते लोग इसके दौरान विशेष नियमों का पालन करते हैं. कई खगोलविदों के अनुसार, चंद्र ग्रहण को टेलीस्कोप और नग्न आंखों से देखना भी एक अद्भुत अनुभव होता है.

महाराष्ट्र में गणेश विसर्जन के दौरान 4 डूबे, 13 लापता

नई दिल्ली, 7 सितम्बर (न्यूज चैनल)। मुंबई के सबसे प्रसिद्ध गणपति पंडाल लालबाग के राजा का समुद्र में विसर्जन रविवार को अचानक आई समुद्र में ऊंची लहरों के कारण देर से हुआ। यह पहली बार है जब इस तरह की स्थिति के चलते विसर्जन समय पर नहीं हो पाया। हर साल की तरह इस बार भी मूर्ति को दक्षिण मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर सुबह 9 बजे से पहले गहरे समुद्र में विसर्जित करने की तैयारी थी। लेकिन रविवार तड़के जब मूर्ति चौपाटी पहुंची, उसी समय समुद्र में पानी का तेज बहाव शुरू हो गया।

समुद्र में ऊंची लहरें की वजह से मूर्ति को ले जाने वाला प्लेटफॉर्म (मंच) पानी में तैरने लगा, जिससे उसे ठीक से रापट (बड़ी नावनुमा बेड़ा) पर चढ़ाना मुश्किल हो गया। लगभग तीन घंटे तक मूर्ति कुछ फीट गहरे पानी में रही। इस दौरान 15 से 20 स्वयंसेवक और मछुआरे मिलकर उसे संभालते रहे। सुबह करीब 11:40 बजे हाई टाइड 4.42 मीटर तक पहुंच गई थी। इस साल मंडल ने मूर्ति को विसर्जन के लिए एक नया, बड़े आकार का राफ्ट तैयार किया है। सुबह से ही हजारों भक्त गिरगांव चौपाटी पर अपने प्रिय बप्पा के अंतिम दर्शन के लिए मौजूद रहे। भीड़ को संभालने के लिए नगर निगम और पुलिस अधिकारी चौकसी के साथ निगरानी करते रहे।

डीजे की धुन में डांस कर रहा था किशोर, हार्टअटैक से मौत

बलरामपुर, 7 सितंबर (हाईवे चैनल)। जिले के राजपुर में आज गणेश विसर्जन के दौरान एक 15 साल के बालक की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। बालक गणेश विसर्जन में डीजे की धुन पर नाच रहा था और नाचते-नाचते अचानक से गिर गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे सांस देने की भी कोशिश की और फिर हार्ट को पंप भी किया लेकिन स्थिति खराब होने पर जब उसे अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस दौरान मृतक बच्चे के परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का भी आरोप लगाया और यहां पर भीड़ आकर्षित हो गई थी। मिसी जानकारी के मृतक बालक का नाम प्रवीण कुमार है और उसकी उम्र लगभग 15 साल बताई जा रही है। गणेश की प्रतिमा को काफी धूमधाम से डीजे की धुन पर विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था। उसने लगभग 1 किलोमीटर का सफर भी तय किया था, लेकिन स्टेट बैंक एटीएम के पास पहुंचने पर बालक प्रवीण कुमार डीजे की धुन पर नाच के नाचते अचानक लंबी-लंबी सांस लेने लगा और फिर जमीन पर गिर गया। यह देख कर वहां मौजूद लोगों ने पुलिस की गाड़ी जो उनके साथ चल रही थी उसे बुलाया और फिर बालक को अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

गणेश विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा, तालाब में डूबने से युवक की मौत

रायपुर, 7 सितंबर (हाईवे चैनल)। शहर में गणेश विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया. तालाब में डूबने से 22 वर्षिय युवक की मौत हो गई है. युवक गणेश विसर्जन के लिए समिति वालों के साथ शीतला तालाब पहुंचा था. घटना खमतराई थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार की देर रात गणेश प्रतिमा को विसर्जित करने के लिए युवक समिति वालों के साथ शीतला तालाब पहुंचा था. इस दौरान गहरे पानी में जाने से उसकी मौत हो गई. मृतक की पहचान 22 वर्षीय राहुल सिंह राजपूत के रूप में हुई है. पुलिस को घटना की सूचना दी गई है. वहीं शव को बाहर निकालने के लिए एसडीआरएफ टीम का इन्तजार किया जा रहा है।

कार की ठोकर से स्कूटी सवार शिक्षिका की मौत

धमतरी, 7 सितम्बर (हाईवे चैनल)। नेशनल हाईवे में स्कूल से वापस लौट रही स्कूटी सवार शिक्षिका को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे शिक्षिका की मौत हो गई। कोड़ेबोड़ के पास की घटना बताई जा रही है। घटना के बाद ग्राम सेमरा में शोक की लहर दौड़ गई है। बिरेझर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सेमरा (भखारा) निवासी शिक्षिका नन्दनी सिन्हा 49 वर्ष पति हरीश राजू सिन्हा कुरूद ब्लॉक के ग्राम कुंडेल हायर सेकेंडरी में पदस्थ थी। रोज गांव से अपनी स्कूटी से स्कूल आना जाना करती थी। शनिवार को भी वह सुबह स्कूल गई थी।जहाँ से वापस स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एके 2522 घर लौट रही थी।तभी कोडेबोड मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में जैसे ही वह आयी रायपुर की ओर से धमतरी तरफ जा रही स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 04 केजेड 9974 ने जबरदस्त टक्कर मार दी।जिससे महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। तत्काल सिविल अस्पताल कुरूद लाया गया।जहां जांच के बादडॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।घटना करीब डेढ़ बजे की बताई गई है।बिरेझर पुलिस ने कार जब्त कर व चालक को हिरासत में ले लिया है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।इस घटना से सेमरा तथा स्कूल स्टॉफ में शोक की लहर दौड़ गई है।

सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी 12 लोगों को लगाया 70 लाख का चूना

पिता-पुत्र गिरफ्तार एक फरार

दुर्ग, 7 सितम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में पुलिस ने सरकारी नौकरी का लालच देकर 70 लाख रुपए की ठगी करने वाले ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है. शातिरों ने अंजोरा स्थित सरकारी वेटनरी कॉलेज के स्टाफ क्वार्टर में बुलाकर 12 लोगों को ठगी का शिकार बनाया है. मामले में अंजोरा पुलिस ने मुख्य आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उनका साथी अब भी फरार है.

जानकारी के मुताबिक, बालोद जिले के ग्राम चीरचार निवासी संतराम देशमुख (54 वर्ष) ने 2 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी. उन्होंने बताया कि आरोपी भेषराम देशमुख (62 वर्ष), उसका बेटा रविकांत देशमुख (32 वर्ष) और साथी अरुण मेश्राम (राजनांदगांव निवासी) ने उन्हें मंत्रालय में नौकरी दिलाने का वादा किया. इस बहाने उनसे 5 लाख रुपये नगद ले लिए गए, लेकिन न तो नौकरी मिली और न ही कोई नियुक्ति पत्र। संतराम की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की. इस दौरान अन्य प्रार्थी लोमश देशमुख और हेमंत कुमार साहू भी सामने आए. उन्होंने भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनसे सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर नकद और ऑनलाइन पेमेंट लिया है. पीड़ितों द्वारा दिए गए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और रकम का ब्यौरा पुलिस ने जप्त कर लिया.

एटीएम में आ रही नो कैश, आउट ऑफ सर्विस जैसी समस्याएं

- बैंक उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही एटीएम की बेहतर सुविधायें, अधिकांश एटीएम की सुविधा सिर्फ दिखावा
- स्वच्छता, एसी, कैमरे पर भी नहीं दिया जा रहा ध्यान, अधिकांश एटीएम में नहीं है सुरक्षा हेतु गार्ड

धमतरी, 7 सितम्बर (हाईवे चैनल)। एटीएम का फूल फार्म एनी टाईम मनी है। लेकिन यह मशीन अपने नाम के साथ धमतरी शहर में लंबे समय से न्याय नहीं कर पा रही है। शहर के अधिकांश बैंको के एटीएम में एनी टाईम न सुविधा होती है न सर्विस और न ही कैश इसलिए अब लोग एटीएम और बैंको की इस व्यवस्था को कोसने लगे है।

बता दे कि धमतरी शहर में लगातार बैंक सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। एक बाद एक कई नये बैंक खुले और नये पुराने बैंको द्वारा एटीएम की सुविधा भी अनिवार्य रुप से दी जा रही है। लेकिन इस बात का ध्यान नहीं रखा जा रहा है कि एटीएम में ग्राहकों को सर्विस सही मिल रही है या नही। शहर के बैंको के ज्यादातर एटीएम में नो कैश, आउट आफ सर्विस की समस्या रहती है। कई एटीएम तो हैंग होने लगते है। जिससे एटीएम कार्ड भी काफी देर तक फंस जाता है। कुछ एटीएम में कार्ड डालने के बाद स्क्रीन पर कुछ भी शो नहीं होता। ऐसे में बहाहल एटीएम सर्विस से लोग परेशान हो चुके है। इसके अतिरिक्त ज्यादातर एटीएम में गार्ड की तैनाती भी नहीं है। ऐसे में यहां सुरक्षा के इंतजाम पूर्णत: सीसीटीवी कैमरे पर रहती है। लेकिन कुछ एटीएम में कैमरे भी खराब रहते है। ऐसे में सुरक्षा भगवान भरोसे हो जाती है। वहीं एटीएम की अनदेखी बैंको द्वारा इस कदर की जाती है कि यहां न नियमित सफाई होती है और न ही लगे हुए एसी रनिंग कंडीशन में होता है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि ज्यादातर बैंको की एटीएम सर्विस सिर्फ दिखावा साबित हो रही है।

निकासी और जमा भी एटीएम से, खराबी से बढ़ जाती है परेशानी

पिछले कुछ सालों में एटीएम को अपडेट कर निकासी के साथ ही रकम जमा भी एटीएम की करवाया जाता है। ऐसे में ग्राहकों की निर्भरता बैंको पर कम होकर एटीएम पर बढ़ा है। बैंक के झंझट से बेहतर लोग सीधे एटीएम से रकम निकालना, जमा करना बेहतर समझते है। ऐसे में जब एटीएम बंद हो जाये तो लोगों को असुविधा होती है। लोगों का कहना है कि जब बैंक एटीएम कार्ड सर्विस का चार्ज खातेदारों से वसूलती है। अतिरिक्त विड्रा करने पर रकम भी काटी जाती है तो फिर पूरी सुविधा मिलनी चाहिए, लेकिन बैंक द्वारा खातेदारों की सुविधाओं को नजरअंदाज किया जा रहा है।